
# यूपी में सर्वाधिक फैक्टरी पंजीकरण: मंत्री

**लखनऊ, कार्यालय संवाददाता।** लखनऊ में देश का पहला राष्ट्रीय औद्योगिक बॉयलर हरितीकरण सम्मेलन आयोजित किया गया। होटल सेन्ट्रम में पर्यावरण थिंक टैंक आईफोरेस्ट ने केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के अंतर्गत औद्योगिक आंतरिक व्यापार प्रोत्साहन विभाग और यूपी श्रम विभाग के साथ मिलकर सम्मेलन किया।

सम्मेलन में राष्ट्रीय रिपोर्ट ग्रीनिंग इंडस्ट्रियल स्टीमः लो-कार्बन एंड क्लीन एयर रोडमैप फॉर प्रोसेस बॉयलर और एक राज्य-विशिष्ट रिपोर्ट ग्रीनिंग इंडस्ट्रियल प्रोसेस बॉयलरः लो कार्बन एंड क्लीन एयर पाथवेज फॉर उत्तर प्रदेश जारी की गई।



राष्ट्रीय औद्योगिक बॉयलर हरितीकरण सम्मेलन गुरुवार को गोमतीनगर में आयोजित हुआ।

सम्मेलन में मुख्य अतिथि श्रम एवं रोजगार मंत्री अनिल राजभर ने कहा कि पिछले एक साल से यूपी में फैक्ट्री पंजीकरण की संख्या सबसे अधिक रही है। इस मौके पर मुख्य अतिथि मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश सरकार मनोज कुमार सिंह यह रिपोर्ट न केवल प्रदूषण को कम करने बल्कि अर्थव्यवस्था को स्वच्छ तरीके से विकसित करने का रोडमैप दिखाती है।